कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 16-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन मे चल रहे आपरेशन चक्रव्यूह के तहत "राउण्ड द क्लॉक" चल रहा चेकिंग अभियान।

- **पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा महाकुम्भ-2025 के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत चलाये जा रहे "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत विभिन्न स्थानों पर की जा रही चेकिंग का किया गया निरीक्षण।**
- **जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में समय व स्थान बदलकर Crime-Oriented की जा रही है चेकिंग।**

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत "ऑपरेशन चक्रव्यूह" चलाया जा रहा है। ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत कमिश्नरेट में सभी थाना क्षेत्र के 28 स्थानों को चिन्हित कर बैरियर / बैरिकेडिंग लगाकर आपराधिक दृष्टि से सन्दिग्ध वाहन / व्यक्ति /वस्तुओं की राउण्ड द क्लॉक सघन चेकिंग करायी जा रही है । आज दिनांक 16.01.2025 को पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के विभिन्न प्वाइंटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

आपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग में हुई कार्यवाही -

- दिनांक 08/01/2025 को थाना रामनगर क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से लूट का बदमाश घायल, 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेलूपुर थाना क्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी से लूटा गया स्वर्ण आभूषण बरामद।
- दिनांक 09/01/2025 को थाना दशाश्वमेध पुलिस द्वारा चोरी की 03 मोबाइल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 12/01/2025 को थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

- दिनांक 13/01/2025 को थाना राजातालाब पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 13/01/2025 को थाना बड़ागाँव पुलिस द्वारा चोरी की 01 मोटरसाइकिल के साथ 01 वाहन चोर गिरफ्तार।
- दिनांक 13/01/2025 को थाना मिर्जामुराद पुलिस द्वारा चोरी की 01 मोटर साइकिल व चोरी के सामान के साथ 05 अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 14/01/2025 को थाना फूलपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 14/01/2025 को थाना चौक पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित चाईनीज मांझा 64.500 कि0ग्रा0 के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 15/01/2025 को थाना चौक पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित मांझा 254.7 कि0ग्रा0 के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।
- बिना नम्बर वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 177 वाहनों को सीज किया गया एवं वाहन सवार लोगों की पहचान सत्यापित कर हिदायत दी गयी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।